भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 794
05 दिसंबर, 2025 को जवाब दिया

कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि-वस्त्र को बढ़ावा देने की पहल

794. श्री बंशीलाल गुर्जर:
श्रीमती किरण चौधरी:
श्री बृज लाल:
श्री केसरीदेवसिंह झाला:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री नारायण कोरागप्पा:
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कृषि उत्पादकता और किसान कल्याण बढ़ाने हेतु एग्रो-टेक्सटाइल (कृषि-वस्त्रों) के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कोई पहल की है;

(ख) यदि हाँ, तो अब तक स्थापित स्मार्ट एग्रो-टेक्सटाइल केंद्रों की संख्या, उद्देश्य, लागत और संचालन स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे केंद्रों और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित या लाभान्वित हुए किसानों की कुल संख्या कितनी है; और

(घ) देश के और अधिक क्षेत्रों में एग्रो-टेक्सटाइल हस्तक्षेपों का विस्तार करने और उन्हें ग्रामीण आजीविका योजनाओं के साथ एकीकृत करने की सरकार की क्या योजना है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ग): देश में एग्रो-टेक्सटाइल सहित टेक्निकल टेक्सटाइल क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वस्त्र मंत्रालय ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) का शुभारंभ किया। मिशन के तहत, एग्रो-टेक्सटाइल से संबंधित 14 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है **(विवरण अनुबंध-I में दिया गया है)**। इसके अलावा, दिसंबर 2024 में नवसारी, गुजरात में 3.73 करोड़ रुपये की कुल लागत से क्लाइमेट-स्मार्ट एग्रो-टेक्सटाइल डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना की गई है, ताकि प्रत्यक्ष प्रदर्शनों के माध्यम से कृषि क्षेत्र के लिए इनोवेटिव और सस्टेनेबल एग्रो-टेक्सटाइल अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने, किसानों के लिए प्रशिक्षण और उत्पादकता बढ़ाने, लागत कम करने, मौसमीय विषमताओं में सुधार करने और सस्टेनेबल पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। डेमो सेंटर का संचालन सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन (ससमीरा) द्वारा किया जा रहा है। डेमो सेंटर में अब तक कुल 576 किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

(घ): देश में तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन एक अखिल भारतीय पहल है। मिशन का रणनीतिक फोकस एग्रो-टेक्सटाइल पर है, जो कृषि सस्टेनेबिलिटी और उत्पादकता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। एनटीटीएम के तहत किए जाने वाले प्रयास अनुसंधान और नवीन खोजों, बाजार विकास, निर्यात संवर्धन और कौशल पर फोकस करती हैं।

अनुबंध-I

एनटीटीएम के तहत एग्रोटेक्सटाइल्स के लिए स्वीकृत अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना शीर्षक	कार्यान्वयन संस्थान
1	कीटनाशक युक्त एग्रोनेट्स : बायोस्फीयर पर कीटनाशक के भार को कम करने के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी	रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला (डीआरएल), डीआरडीओ, असम
2	नेचुरल फाइब्रस वेस्ट का प्रयोग करके लंबे समय तक चलने वाला और बायोडिग्रेडेबल इलेक्ट्रोस्पन/नीडल पंच नॉन वूवन कम्पोजिट मल्च बनाना।	आईआईटी दिल्ली
3	उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के उत्पादन के लिए सुरक्षित इको-फ्रेंडली बनावट पर नेचुरल फाइबर पर आधारित एग्रो-टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स का मूल्यांकन	आईआईटी खड़गपुर
4	ऑर्गनोफॉस्फेट इंसेक्टिसाइड्स, पेस्टिसाइड्स और नर्व एजेंट्स की टॉक्सिसिटी से बचाने के लिए फंक्शनल टेक्सटाइल्स	आईआईटी-इंदौर
5	"पश्चिम बंगाल के रेड और लैटेराइटिक क्षेत्रों में पिछड़े किसान समुदाय की आजीविका सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि हेतु मैंगो-बेस्ड इंटरक्रॉपिंग सिस्टम की उपयुक्तता जाँचने के लिए जूट एग्रो-टेक्सटाइल्स का संभावित मल्चिंग सामग्री के रूप में उपयोग।"	बिधान चंद्र कृषि विश्व विद्यालय, पश्चिम बंगाल
6	एग्रो टेक्सटाइल के लिए भारतीय हिमालय के गैर-परंपरागत फाइबर का सस्टेनेबल प्रयोग	सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर
7	लंबे समय तक चलने वाले मैकेनिकल और कीटनाशक गुणों वाले नेचुरल फाइबर का प्रयोग करके नेचुरल हर्बल एक्सट्रैक्ट कोटेड सीड प्रोटेक्शन बैग का विकास	दक्षिण भारतीय अनुसंधान संघ (सिटरा), कोयंबटूर
8	सन हेम्प और बनाना फाइबर का प्रयोग करके क्राप कवर, मल्च, सॉइल प्रोटेक्शन फाइबर और अन्य उत्पाद बनाना	उत्तरी भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (निटरा), गाजियाबाद
9	"ऑफ-सीज़न सब्जियों/फलों की खेती के लिए कम लागत वाले अवसर उपलब्ध कराने हेतु एनर्जी रिस्पॉन्सिव एग्रोटेक्सटाइल का विकास।	सिंथेटिक और आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन (ससमिरी), मुंबई
10	रोडेंट, बैक्टीरिया, फंगस और वायरस और यूवी रिपेलेंट गुणों सहित माइक्रोऑर्गेनिज्म से सुरक्षा के साथ कृषि उत्पादों की पैकेजिंग के लिए इको फ्रेंडली नैचुरल फाइबर आधारित सस्टेनेबल एग्रो-टेक्सटाइल का विकास।	ऊन अनुसंधान संघ (डब्लयूआरए), मुंबई
11	स्टोर किए गए बीजों की सुरक्षा और क्वालिटी बनाए रखने के लिए जूट बैग का विकास	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) -कोलकाता
12	नेचुरल फाइबर वेस्ट से प्लांटिंग ग्रोथ मीडिया: बिना मिट्टी वाली फसल उगाने की प्रणाली में विकास की विशेषता और मूल्यांकन।	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) -कोलकाता
13	बेहतर फसल उत्पादन के लिए स्मार्ट फंक्शनैलिटी वाले ट्यूनेबल एग्रो टेक्सटाइल का विकास	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद–केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएलआरआई), चेन्नई
14	कृषि अवशेष का उपयोग करके फोम-इन-प्लेस पैकेजिंग का विकास	आईआईटी कानपुर

****